एमएसएमई मंत्री ने वेबिनार के माध्यम से देश के जाने-माने फैशन डिजाइनरों से चर्चा की

रितु समेत चार डिजाइनर करेंगे ओडीओपी की ब्रांडिंग

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

राज्य के ''एक जिला एक उत्पाद'' (ओडीओपी) की डिजाइनिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग व मार्केटिंग से देश विदेश में ख्याति अर्जित करने वाली फैशन डिजाइनर रितु बेरी के साथ ही रीना ढाका, जेजे वाल्या और मनीष मल्होत्रा जुड़ गए हैं। इन डिजाइनरों के जुड़ जाने से सालों से परंपरागत रूप से एक ही रूप में बाजार में दिखने वाले उत्पादों को नया लुक मिलेगा। ओडीओपी से जुड़े कारीगरों को भी कुछ नया करने और सीखने का मौका मिलेगा।

रितु बेरी, फैशन डिजाइनर

बुधवार को एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह तथा विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने इन चारों से वेबिनार के माध्यम से बात की। चारों फैशन डिजाइनर ओडीओपी के तहत वस्त्र, हथकरघा, टेक्सटाइल, कारपेट, होम डेकोर, लेदर प्राडक्ट आदि उत्पादों के कारीगरों से समन्वय उन्हें उत्पादों की डिजाइनिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग व मार्केटिंग के लिए टिप्स देंगे। उनके ब्रांड को मल्टीनेशन कंपनियों के मुकाबले आकर्षक रूप में प्रस्तुत करना सिखाएंगे। मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार योजनाबद्ध तरीके से ओडीओपी उत्पाद से जुड़े कारीगरों की आय में वृद्धि करने की कोशिश कर रही है। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि ओडीओपी से जुड़ने वाले डिजाइनर्स को विभाग द्वारा हर संभव सहायता प्रदान किया जाएगा।

यूपी को गारमेंट हब बनाने के लिए टीम बनी

राज्य सरकार ने यूपी को गारमेंटिंग हब बनाए जाने के संबंध में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और अपैरल पार्कों के स्थापना के लिए दो समितियां बनाई हैं। ई-इस्तावेज और ई-बिड की स्क्रीनिंग समिति में मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा, अधिशासी निदेशक उद्योग बंधु व आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग रखे गए हैं। अनुमोदन समिति में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव हथकरघा रखे गए हैं।

Hindustan Page-5 19 August, 2020